# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

बुधवार

07 जून, 2023

डिजिटल संस्करण





पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार
मौत की अफवाह पर पत्नी की गई जान 4



प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


## बाढ़ राहत शिविर में मदद की राशि प्रति व्यक्ति 600 रु से बढ़ाकर 1000 करें: नीतीश

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी पर्षद की 22वीं बैठक संपन्न
- 10 बाढ़ प्रभावित जिलों में 100 बाढ़ आश्रय स्थल के निर्माण हेतु अब तक 64 करोड़ 57 लाख रुपये निर्गत

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी पर्षद की 22वीं बैठक सम्पन्न हुई। इसमें मुख्यमंत्री राहत कोष से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर नीतीश कुमार ने विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार ने न्यासी पर्षद की 21वीं बैठक की हुई कार्यवाही का अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और बताया कि हर बिंदु पर कार्यवाही का अनुपालन कर लिया गया है। मुख्यमंत्री राहत कोष की लेखा में प्राप्त राशि, वितरित राशि एवं शेष जमा राशि का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि 10 बाढ़ प्रभावित जिलों में 100 बाढ़ आश्रय स्थल के निर्माण हेतु अब तक 64 करोड़ 57 लाख 26 हजार 582 रुपये निर्गत की जा चुकी है। 58 बाढ़ आश्रय स्थलों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से आपदा की स्थिति में लोगों की मदद की जाती है। इसके अलावा विविध कार्यों में लोगों की मदद की जाती है। इससे लोगों की काफी सहायता होती है। कोरोना वायरस से मृत्यु होने पर मृतक के आश्रितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 4 लाख रुपए की राशि की मदद दी गयी। मुख्यमंत्री राहत कोष की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत शिविरों में बाढ़ पीड़ितों को बर्तन, वस्त्र आदि के मद में 600 रुपये प्रति व्यक्ति की दर से मदद दी जाती है, इसे अब बढ़ाकर 1000 रुपए कर दें। बाढ़ के दौरान राहत शिविरों में लड़की के जन्म लेने पर 15 हजार रुपये एवं लड़के के जन्म लेने पर 10 हजार रुपये का भुगतान किया जाता है। उन्होंने कहा कि शेष बचे बाढ़ आश्रय स्थलों का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें।

## नीतीश कुमार पढ़े-लिखे व्यक्ति हैं मगर उनकी हालत अंधों में काना राजा की है : प्रशांत किशोर

**पटना।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार पढ़े-लिखे व्यक्ति हैं मगर आज उनकी हालत अंधों में काना राजा की है। नीतीश कुमार बिहार में एकमात्र पढ़े लिखे व्यक्ति हैं, इस बात का भ्रम उनको हो गया है कि मैं ही सब जानता हूं, मुझे ही सब मालूम है।

**सीएम नीतीश अपने इर्द गिर्द सब बेवकूफों को बैठाए हुए हैं :** प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार आज अपने इर्द गिर्द सब बेवकूफ लोगों को बैठाए हुए हैं। आज बिहार में ऐसे भी नेता हैं जिसको नाम तक लिखना नहीं आता है और वहीं, नीतीश कुमार को नाम लिखना आता है तो लोगों को लगता है वो बहुत बड़े विद्वान आदमी हैं। बिहार में नेता ऐसा ही बनता आया है जो शर्ट के ऊपर गंजी पहनता हो और अपने को जमीनी नेता कहलवाने का दावा करता हो। आज नीतीश कुमार गंजी के ऊपर शर्ट पहन रहे हैं तो सबको लग रहा है कि वो विद्वान आदमी हैं।

**नीतीश कुमार को अहंकार हो गया है :** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार पढ़े-लिखे व्यक्ति हो सकते हैं, लेकिन वो बिहार के एकमात्र पढ़े लिखे व्यक्ति नहीं हैं। आज नीतीश कुमार से ज्यादा पढ़ा लिखा और समझदार हजारों की संख्या में लोग बिहार में हैं। आज बिहार देश का सबसे गरीब राज्य है और नीतीश कुमार का अहंकार है कि देश में सबसे बड़े हैं। बिहार सबसे फिसड्डी और बात ऐसे करते हैं जैसे सबकुछ उन्होंने ही कर दिया है। वहीं, महाठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि आज आरजेडी का एमपी जीरो है, लेकिन प्रधानमंत्री से नीचे बात ही नहीं करते हैं। आज भारत का प्रधानमंत्री कौन होगा वो ये तय कर रहे हैं। देश में बिहार सबसे गरीब और फिसड्डी है और नीतीश कुमार बात ऐसे करेंगे जैसे उन्होंने बिहार को अमेरिका बना दिया है।

## योगी सरकार ने स्थानांतरण नीति 2023-24 को दी मंजूरी

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने मंगलवार को स्थानांतरण नीति 2023-24 को मंजूरी दे दी। इसमें समूह क और ख के उन अधिकारियों के स्थानांतरण किए जाएंगे, जिन्होंने जिले में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूरे कर लिए हैं। स्थानांतरण की प्रक्रिया 30 जून तक पूरी की जाएगी। स्थानांतरण सत्र के बाद अब समूह क के साथ ही समूह ख के कार्मिकों के स्थानांतरण विभागीय मंत्री के माध्यम से मुख्यमंत्री का अनुमोदन लेकर ही हो सकेंगे। इस फैसले की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने यह भी बताया कि स्थानांतरण सत्र में किसी भी तरह के तबादले विभागीय मंत्री की मंजूरी से ही होंगे।

समूह क और ख के स्थानांतरण संवर्गवार कार्यरत कार्मिकों की संख्या के अधिकतम 20 प्रतिशत और समूह ग व घ के कार्मिकों की संख्या के अधिकतम 10 प्रतिशत तक की सीमा तक ही किए जा सकेंगे। समूह ग व घ के संवर्गवार 10 प्रतिशत से अधिक और अधिकतम 20 प्रतिशत की सीमा तक विभागीय मंत्री के अनुमोदन से ही किए जा सकेंगे। इसके तहत सर्वाधिक समय से कार्यरत कार्मिकों के स्थानांतरण प्राथमिकता पर किए जाएंगे। स्थानांतरण नीति में कहा गया है कि समूह ग के कार्मिकों के पटल या क्षेत्र परिवर्तन के लिए 13 मई 2022 को जारी शासनादेश का कड़ाई से पालन किया जाएगा। समूह ख और ग के कार्मिकों के स्थानांतरण यथासंभव मेरिट आधारित ऑनलाइन ट्रांसफर सिस्टम के आधार पर किए जाने की व्यवस्था की गई है।

## खबरें फटाफट

### भागलपुर में गंगा नदी पर नए सिरे से बनेगा पुल : तेजस्वी

**पटना।** गंगा नदी पर बने रहे पुल के गिरने के कारण चौतरफा हमला झेल रही बिहार की नीतीश सरकार ने अब इस पुल का दोबारा नए सिरे से निर्माण कराने का लक्ष्य रखा है। यह घोषणा बिहार के उप मुख्यमंत्री और पथ निर्माण मंत्री तेजस्वी यादव ने मंगलवार को किया। उन्होंने कहा है कि नए सिरे से पुल का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। भागलपुर में 2014 से बन रहा 3.16 किलोमीटर का पुल 14 महीने में दो बार टूट चुका है। रविवार को पुल गिरने के बाद इसके निर्माण पर सवाल उठने लगे हैं।

### उत्तर प्रदेश के रिटायर्ड डीजी ने खुद को मार ली गोली

**लखनऊ।** गोमतीनगर विशालखंड-2 में मंगलवार सुबह रिटायर्ड डीजी दिनेश कुमार शर्मा (73) ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। मौके पर उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक गोली दाहिनी कनपटी पर लगी और बायीं कनपटी की तरफ से पार हो गई। शर्मा 1975 बैच के आईपीएस अफसर थे। कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। इसमें उन्होंने डिप्रेशन में खुदकुशी करने की बात लिखी है। दिनेश शर्मा पत्नी लखनऊ विश्वविद्यालय से रिटायर्ड प्रोफेसर नीता शर्मा, बेटे अरंजय के साथ विशाल खंड-2 में रहते थे।

**फैसला: कृषि ऋण समितियों को औषधि केंद्र खोलने की मिलेगी अनुमति**

## इस साल दिसंबर तक देश भर में खुलेंगे 2000 जन औषधि केंद्र

- बोले गृहमंत्री अमित शाह- प्रधानमंत्री मोदी ने 'महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के नौ साल' के साथ नए युग की शुरूआत की है
- भारत ने महिलाओं उद्यमियों को 27 करोड़ रु का मुद्रा ऋण वितरिक रिकॉर्ड बनाया है

**एजेंसी/नई दिल्ली**




केंद्र सरकार ने देशभर में दो हजार प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने की अनुमति देने का फैसला किया है। सहकारिता मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सहकारिता मंत्री अमित शाह की रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया के साथ आज नई दिल्ली में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में लिए गए फैसले के मुताबिक प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोलने के लिए देशभर में 2000 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों की पहचान की जाएगी। इस साल अगस्त तक 1,000 और दिसंबर तक 1,000 जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने केंद्र सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के नौ साल' के साथ नए युग की शुरूआत की है, जिसमें देश ने महिला उद्यमियों को 27 करोड़ रुपये के मुद्रा ऋण का वितरण कर रिकॉर्ड बनाया है, जो आज भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हैं। शाह ने ट्वीट किया, प्रगति के सिद्धांत को बदलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने 'महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के नौ साल' के युग की शुरूआत की है, जिस पर दुनिया आश्चर्यचकित है। भारत ने महिलाओं उद्यमियों को 27 करोड़ रुपये का मुद्रा ऋण वितरिक रिकॉर्ड बनाया है। महिला शक्ति ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया है।

### 8 अप्रैल, 2015 को लॉन्च किया गया था मुद्रा योजना

गृहमंत्री ने खासतौर पर यह भी जिक्र किया कि नारीत्व का उत्सव प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का केवल नारा नहीं, बल्कि अब यह वास्तविकता है, जहां महिलाओं ने अंतरिक्ष से लेकर स्टार्ट-अप और रक्षा से लेकर घरेलू मामलों तक जीवन के सभी क्षेत्रों में सभी शीशों को तोड़कर नई ऊंचाइयों को छुआ है। शाह ने कहा कि 'नारी शक्ति' को लागू करने के लिए मुद्रा योजना के तहत गैर-कृषि लघु और सूक्ष्म उद्यमों के लिए महिलाओं को 27.7 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया। मुद्रा योजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 अप्रैल, 2015 को लॉन्च किया था।

### मुद्रा ऋण पाने के लिए करना होता है आवेदन

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत मुद्रा ऋण वाणिज्यिक बैंकों, आरआरबी, लघु वित्त बैंकों, सहकारी बैंकों, एमएफआई और एनबीएफसी द्वारा दिए जाते हैं। उधारकर्ता इनमें से किसी भी संस्थान से संपर्क कर सकता है या इस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। शाह ने बताया कि कैसे मोदी सरकार ने महिला सुदृढ़ीकरण के तहत 1.45 लाख से ज्यादा महिलाओं के स्वामित्व वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों को 15,922 करोड़ के ऑर्डर प्रदान करने में मदद की। मंत्री ने यह भी कहा कि 54 फीसदी महिलाओं को प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान के तहत प्रमाणित किया गया था और 80 फीसदी महिलाएं स्टार्ट-अप इंडिया के तहत लाभार्थी हैं। साथ ही 47 फीसदी स्टार्ट अप में कम से कम एक महिला निदेशक हैं।

## औरंगाबाद में बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े हथियार के बल पर ज्वेलरी शॉप से लूट लिये 15 लाख के गहने

- औरंगाबाद के सत्येंद्र नगर मोहल्ला में मां दुर्गा जेवर दुकान की घटना
- दुकानदार को पिस्टल के बट से वार कर किया घायल

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

औरंगाबाद में बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े हथियार के बल पर एक ज्वेलरी शॉप से 15 लाख की लूट की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा कि, अपराधियों ने हथियार के बल पर दुकान में रखे सभी गहने और पैसे लूट कर फरार हो गए हैं। दरअसल, यह घटना औरंगाबाद नगर थाना क्षेत्र में सत्येंद्र नगर मोहल्ला में मां दुर्गा जेवर दुकान की है। जहां लाखों रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया गया है।

जानकारी अनुसार मंगलवार को तीन हथियारबंद अपराधी बाइक पर सवार होकर दुकान में पहुंचे। जंहा दुकानदार विकास कुमार को हथियार के बल पर कब्जे में ले लिया और विरोध करने पर पिस्टल के बट से उनके सिर पर वार किया। इस घटना में दुकानदार गंभीर रुप से घायल हो गया। वहीं बेखौफ बदमाशों ने दुकान के तमाम गहने और पैसे लूट कर फरार हो गए । बताया जा रहा कि करीब 15 लाख रुपए मूल्य के जेवरात अपराधियों ने लूट लिया है। वहीं घायल विकास कुमार का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया है। इसकी सूचना पर स्थानीय पुलिस पहुंची और छानबीन शुरू की गई। बताया जा रहा है कि अपराधी अपने साथ डीवीआर भी लेकर भाग गए हैं।






**गुजरात के वडनगर में की गई खुदाई में सैंकड़ों साल पुरानी सभ्यता के निशान मिले हैं**

## पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होगा पीएम मोदी का गांव

**एजेंसी/अहमदाबाद**




केंद्र सरकार अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गांव और स्कूल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की तैयारी कर रही है। संस्कृति मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी के गांव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की तरफ से की गई खुदाई में सैंकड़ों साल पुरानी सभ्यता के निशान मिले हैं। मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक वडनगर को विश्व स्तरीय पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए योजना बना ली गई है। इसके तहत चार चरणों में वडनगर को विकसित करने की रूपरेखा बनाई गई है। जिससे गुजरात के वडनगर में एक बड़ा म्यूजियम बनाए जाने की योजना है। वहीं जानकारी के मुताबिक, म्यूजियम के इस साल अक्टूबर तक तैयार हो जाने की संभावना है।

**पीएम मोदी का स्कूल बनेगा पर्यटन स्थलः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस स्कूल में पढ़ाई की थी उसे भी एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पीएम मोदी ने जिस स्कूल में पढ़ाई की थी वो 19वीं सदी का स्कूल है और उसे इंस्पिरेशनल डेस्टिनेशन स्कूल के तौर पर विकसित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, स्कूल को भी पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा और देशभर के बच्चों को स्कूल देखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए सरकार की तरफ से एक योजना पर भी काम किया जा रहा है. जिसके माध्यम से देश के हर जिले से कम से कम 2 बच्चों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्कूल की यात्रा करवाई जाएगी।

**खुदाई में बौद्ध और जैन कालीन अवशेष मिलेः** सूत्रों ने बताया कि वडनगर के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण यानि अरक खुदाई भी की है, जिसमें ढाई हजार साल पुराने बौद्ध और जैन कालीन अवशेष मिले हैं। जानकारी के मुताबिक, 1945 में भी वडनगर में एएसआई ने खुदाई की थी। जिसमें कुछ पुरातात्विक अवशेष मिले थे। वहीं इस बार मंत्रालय ने एक योजना तैयार की है, जिससे खुदाई वाले जगह को भी पर्यटकों के लिए खोल कर रखा जाएगा।

## खबरें फटाफट

### केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ होगा धरना प्रदर्शन : जिलाध्यक्ष

जहानाबाद। जदयू जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में महागठबंधन समन्वय समिति की बैठक जदयू जिला कार्यालय में संपन्न हुई। जिसका संचालन दिनेश प्रसाद जिला सचिव सीपीआई (एम ) ने किया। बैठक में पार्टी महागठबंधन के सभी साथी उपस्थित हुए। जिसमें 15 जून को जिले के हर प्रखंड मुख्यालय में केंद्र सरकार की जन विरोधी जाति गणना महंगाई, बेरोजगारी, संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग, संविधान लोकतंत्र बढ़ते हमले, दलित गरीब के आवास खाद्य व अन्य योजनाओं में कटौती, किसानों की आय दोगुनी करने एमएसपी को कानूनी मान्यता देने तथा इसका विस्तार सभी फसलों तक करने और उन्माद उत्पात की राजनीति पर रोक लगाने जैसी मुद्दे को लेकर जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर महागठबंधन दलों द्वारा संयुक्त धरना प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसी कार्यक्रम तहत हर एक प्रखंड मुख्यालय में 8 से 10 जून तक प्रखंड समन्वयक समिति का गठन करना है। जिसमे 8 जून मोदनगंज , घोषी हुलासगंज एवं 9 जून को मखदुमपुर रतनी एवं 10 जून को काको एवं जहानाबाद में महागठबंधन प्रखंड समन्वय समिति का बैठक आयोजित की जाएगी। 11 से 14 जून तक प्रखंड के हर पंचायत में प्रचार-प्रसार कर 15 जून को प्रखंड मुख्यालय में महा धरना का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में राजद जिला अध्यक्ष महेश ठाकुर, माले नेता श्याम पांडेय, सीपीआइ एम नेता रामप्रसाद पासवान, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेकुलर), पम्पी शर्मा,सीपीआइ रणधीर पासवान,जगदीश प्रसाद सीपीआईएम, परमहंस राय प्रधान महासचिव राजद एवं जिला उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार सिंह, जदयू प्रवक्ता अमित कुमार पम्मु, श्याम देव चंद्रवंशी, गुलाम मुर्तजा अंसारी, मुरारी यादव, मधेश्वर प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### किशोरी को बारात से उठा ले गए बदमाश और किया सामूहिक दुष्कर्म

**सासाराम।** जिले के नौहट्टा थाना क्षेत्र के नौहट्टा पंचायत के एक गांव के बधार में अनुसूचित जाति की किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामले को लेकर नौहट्टा थाना मे पीड़ित की विधवा मां ने मंगलवार को थाना मे एफआईआर दर्ज कराई है। नौहट्टा थानाध्यक्ष जितेंद्र यादव ने बताया कि गांव में एक बारात आई हुई थी। 15 वर्षीय पीड़िता अपनी कुछ अन्य सहेलियों के साथ बारात देखने गई गयी थी। रात में शौच करने के लिए सड़क किनारे खेत में गयी थी। बनुआ गांव के पाँच युवकों ने उसे उठा लिया और मुंह बांधकर गांव के बधार में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।


# एनबीएस की रिपोर्ट तय करेगी कि जिले में एमडीए कार्यक्रम संचालित होगा या नहीं

- नाईट ब्लड सर्वे के सफल संपादन को सुनिश्चित करने के लिए जिलों के लैब तकनीशियन को दिया गया प्रशिक्षण
- 14 एमडीए व 10 प्री-टास जिलों के भी 2-2 लैब तकनीशियन किये गए प्रशिक्षित

**केटी न्यूज/पटना**

आगामी 10 अगस्त से राज्य के 14 चयनित जिलों में एमडीए कार्यक्रम संचालित किया जाना है। इसके पूर्व सभी चयनित जिलों के दो दो प्रखंडों में माइक्रो फाइलेरिया दर को जानने के लिए नाईट ब्लड सर्वे कराया जायेगा। संगृहीत रक्त के नमूनों की सटीक एवं त्रुटिरहित जांच सुनिश्चित करने के लिए चयनित 14 जिलों के लैब तकनीशियन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आज क्षेत्रीय कार्यालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में शुभारंभ किया गया। इस बाबत अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने पहले ही पत्र जारी किया था।

**माइक्रो फाइलेरिया दर निर्धारित करेगा जिले में एमडीए कार्यक्रम का संचालन :** क्षेत्रीय कार्यालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के वरीय क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कैलाश ने बताया कि नाईट ब्लड सर्वे की रिपोर्ट तय करती है कि उक्त जिले में एमडीए कार्यक्रम संचालित किया जायेगा अथवा नहीं। यदि माइक्रो फाइलेरिया दर 1 प्रतिशत से कम आती है तो उक्त जिले में ट्रांसमिशन



अस्सेस्मेंट सर्वे (टास) कराय जाता है। उन्होंने कहा कि संगृहीत रक्त के नमूनों की सटीक एवं त्रुटिरहित जांच सुनिश्चित करने में लैब तकनीशियन की भूमिका अहम होती है। उन्होंने कहा कि लैब टेक्निशियन की एक दिवसीय प्रशिक्षण काफी प्रभावशाली साबित होगा एवं इससे एमडीए का बेहतर कवरेज भी सुनिश्चित हो सकेगा।

**प्री टास जिलों के लैब तकनीशियन भी किये गए प्रशिक्षित :** विश्व स्वास्थ्य संगठन के एनटीडी स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश पांडेय ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला में 14 एमडीए जिलों के साथ 10 प्री-टॉस जिलों के 39 इम्प्लीमेंटेशन यूनिट के लैब तकनीशियन को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 10 प्री-टास जिले क्रमशः कटिहार, खगड़िया, जहानाबाद, बेगूसराय, सहरसा, सुपौल, पूर्वी चंपारण, सिवान, बांका एवं भागलपुर के कुल 39 प्रखंडों/शहरी क्षेत्रों (इम्प्लीमेंटेशन यूनिट) में नाईट ब्लड सर्वे कराया जायेगा। जारी पत्र के अनुसार 5 एवं 6 जून को दो बैचों में लैब तकनीशियन को प्रशिक्षित किया जा रहा है। नाईट ब्लड सर्वे के दौरान ब्लड सेंपल एकत्रित किये जायेंगे और उसके बाद माइक्रो फाइलेरिया दर निकाला जाएगा। इससे यह पता चल पाएगा कि जिले के चयनित प्रखंडों में फाइलेरिया संक्रमण प्रसार की वर्तमान स्थिति क्या है। साथ ही, इससे एमडीए कार्यक्रम का प्रभाव एवं भविष्य में इसकी जरूरत का अंदाजा भी लगेगा।

**अगस्त में 14 जिलों में संचालित होगा एमडीए कार्यक्रम :** राज्य के 14 जिलों अररिया, भोजपुर, बक्सर, किशनगंज, मधेपुरा, मधुबनी, पटना, पुर्णिया, रोहतास, समस्तीपुर, लखीसराय, दरभंगा, नालंदा एवं नवादा में 10 अगस्त से एमडीए अभियान चलाया जायेगा। ज्ञात हो कि भारत सरकार ने फाईलेरिया उन्मूलन लक्ष्य वर्ष 2030 से घटाकर 2027 कर दिया है। इसलिए यह आवश्यक हो गया है कि एमडीए कार्यक्रम को मजबूती से चलाया जाए। बिहार ने इसके लिये कार्यक्रम के मुख्य स्तंभ जो कि माइक्रो फाइलेरिया दर को जानना है को मजबूत करने के लिए राज्य स्तर पर लैब तकनीशियन के प्रशिक्षण का आयोजन कर रही है। इस अवसर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के एनटीडी स्टेट को-ऑर्डिनेटर डॉ. राजेश पांडेय, केयर इंडिया से बासब रूज, क्षेत्रीय कार्यालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय डॉ. रवि शंकर तथा अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# पोखरे की नीलामी के विवाद में युवक पर फायरिंग करने वाला आरोपित गिरफ्तार, असलहा बरामद

- पुलिस ने बदमाश के पास से बरामद किया एक देसी पिस्टल, चार गोली, एक खोखा व मैगजीन
- जेल गेट फायरिंग मामले में भी थी गिरफ्तार आरोपित की तलाश

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नवादा थाना क्षेत्र के श्रीटोला मोहल्ले में सोमवार की शाम फायरिंग किये जाने का पुलिस द्वारा खुलासा कर दिया गया। पोखरे की नीलामी के विवाद में एक युवक को टारगेट कर गोली चलाई गयी थी। हालांकि गोलीबारी में टारगेटेड युवक बाल-बाल बच गया था। मामले में गिरफ्तार आरोपित चंद्रमा पासवान से पूछताछ की। जिसके बाद पुलिस ने मामले का खुलासा किया। बताया जाता है कि गिरफ्तार आरोपित चंद्रमा पासवान श्रीटोला मोहल्ले का ही रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल, चार गोली, एक मैगजीन और एक खोखा भी बरामद किया। वहीं, तीन माह पहले जेल गेट फायरिंग मामले में वह शामिल भी था।

एसपी प्रमोद कुमार ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि सोमवार को श्रीटोला स्थित पोखरे की नीलामी की गयी। उसमें श्रीटोला निवासी सर्वजीत कुमार उर्फ राहुल और चंद्रमा पासवान ने हिस्सा लिया था।



नीलामी में पोखरा सर्वजीत कुमार उर्फ राहुल को मिल गया। शाम करीब साढ़े सात बजे सर्वजीत कुमार उर्फ राहुल गांव की ओर जा रहा था। तभी सामुदायिक भवन के पास से पहले से मौजूद चंद्रमा पासवान ने गाली गलौज करते हुए सर्वजीत पर गोली चलायी। फायरिंग की आवाज सुन बस स्टैंड के समीप ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मी दौड़ कर घटनास्थल पर पहुंचे और आरोपित चंद्रमा पासवान को धर दबोचा। तलाशी के क्रम में उसके पास से हथियार और गोली बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि पूछताछ में चंद्रमा पासवान द्वारा मार्च महीने में जेल गेट के पास फायरिंग करने शामिल होने की बात भी स्वीकार की गयी। उन्होंने बताया कि उसकी गिरफ्तारी से दो कांडों का खुलासा हो गया। इधर, सोमवार की रात श्रीटोला में सर्वजीत कुमार उर्फ राहुल पर फायरिंग के मामले में हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए चंद्रमा पासवान को जेल भेज दिया गया।

**मार्च में जेल गेट पर हुई थी फायरिंग :**

बताया जा रहा है कि मार्च में जेल गेट पर फायरिंग हुई थी। जिसमें महिला सिपाही व कक्षपाल की जान बाल बाल बची थी। एसपी ने बताया कि 24 मार्च की रात जेल गेट के समीप अज्ञात बदमाशों द्वारा ताबड़तोड़ दो राउंड फायरिंग की गयी थी। उसमें गेट संतरी के रूप में तैनात बीएमपी की महिला सिपाही अर्चना कुमारी और गेट ड्यूटी पर तैनात कारा कक्षपाल मो. सरफराज की जान बाल-बाल बच गयी थी। अपराधियों की संख्या दो थी, जो बाइक पर सवार थे। तब सीसीटीवी फुटेज में दोनों को देखा गया था। दोनों खेताड़ी मोहल्ले से आने वाले सड़क से आये थे। जेल गेट के पास फायरिंग कर पश्चिम दिशा में मुख्य सड़क के रास्ते भाग निकले थे। तब घटना को लेकर कारा उपाधीक्षक के बयान पर नगर थाने में दो अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। अब पुलिस चंद्रमा पासवान के जरिए फायरिंग में शामिल दूसरे अपराधी की तलाश और फायरिंग के कारण की छानबीन में जुट गयी है।

## शादी विवाह और अन्य समारोह में हर्ष फायरिंग के आरोपितों को संरक्षण देने वालों पर भी होगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर पुलिस शादी-विवाह सहित विभिन्न समारोहों में हर्ष फायरिंग और हथियारों के प्रदर्शन के लगातार बढ़ रहे प्रचलन पर रोक लगाने को लेकर काफी सख्त मूड में है। इसे लेकर एसपी की ओर से कारगर और सख्त पहल शुरू की गयी है। उसके तहत हथियारों के प्रदर्शन और हर्ष फायरिंग होने पर अब क आयोजकों के खिलाफ अपराधियों को संरक्षण देने संबंधी केस दर्ज किया जाएगा।

हालांकि उससे पहले पुलिस की ओर से आयोजकों को नोटिस के जरिए आगाह किया जा रहा है। सोमवार से शादी विवाह वाले घरों तक नोटिस पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि सभी थानाध्यक्षों की ओर से चौकीदारों के जरिए शादी विवाह सहित हर बड़े आयोजन और सामूहिक कार्यक्रम के आयोजकों को नोटिस दी जा रही है। नोटिस के माध्यम से आयोजकों को किसी भी तरह के लाइसेंसी या गैर लाइसेंसी हथियारों के प्रदर्शन एवं हर्ष फायरिंग की अनुमति नहीं देने की बात समझायी जा रही है। नोटिस प्राप्त करने के बाद आयोजकों द्वारा स्थानीय थाने में शपथ के जरिए हर्ष फायरिंग और हथियारों के प्रदर्शन की अनुमति नहीं देने की जानकारी देनी होगी। उसके बावजूद समारोह में हर्ष फायरिंग या हथियारों के प्रदर्शन की शिकायत मिली, तो आयोजकों के खिलाफ अपराधियों का सरंक्षण देने का केस किया जायेगा। एसपी ने बताया कि काफी पहले से ही शादी विवाह सहित अन्य समारोहों में हर्ष फायरिंग और हथियारों का प्रदर्शन नहीं करने की अपील की जा रही है।

# ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

- दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर बिहिया स्टेशन के पश्चिमी साइट डाउन लाइन पर हुई घटना

**केटी न्यूज/आरा**

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर बिहिया स्टेशन के पश्चिमी साइड डाउन लाइन पर सोमवार की देर शाम ट्रेन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जिसके बाद वहां के स्थानीय लोगो द्वारा इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही आरा रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी स्व.श्याम लाल रजक के 50



वर्षीय पुत्र नंदजी रजक है, जो पेशे से मजदूर थे। इधर मृतक के बेटे रौशन रजक ने बताया कि सोमवार की शाम वह बाजार करने के लिए बिहिया गए थे। सोमवार की देर शाम जब वह वापस लौटने के क्रम में बिहिया स्टेशन के पश्चिमी साइड रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। उसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घंटों बीत जाने के बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना मृतक के परिजनों को मिली। सूचना पाकर मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व तीन बहन में छोटे थे। मृतक की पत्नी रानी देवी की मौत 15 वर्ष पूर्व प्रसव के दौरान हो गई थी। उसके परिवार में दो पुत्र रोहित रजक, रौशन रजक एवं एक पुत्री काजल देवी है। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## एक नजर

### धूमधाम से मनाई गई कामरेड रामजतन शर्मा की दूसरी बरसी, दी गई श्रद्धांजलि



जहानाबाद। भाकपा-माले के वरिष्ठ नेता और पार्टी के शिक्षक दिवंगत कामरेड रामजतन शर्मा की दूसरी बरसी भाकपा-माले जिला कार्यालय में धूमधाम से मनायी गई। कार्यक्रम में दो मिनट का मौन रखकर कामरेड वसी अहमद ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके बाद श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को संबोधित भाकपा-माले के जिला सचिव कामरेड रामाधार सिंह ने किया। आज पार्टी के वरिष्ठ नेता और पार्टी के शिक्षक दिवंगत कामरेड रामजतन शर्मा जी का दूसरी बरसी है। इसलिए हमलोग उनके बरसी पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया है। कामरेड रामजतन शर्मा हमारे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में से एक थे जो हमलोगों के बीच नहीं रहे। साथ ही वो उत्तरप्रदेश, झारखंड, बिहार के राज्य सचिव भी रह चुके थे। वहीं, केन्द्रीय पोलित ब्यूरो के सदस्य के साथ-साथ केन्द्रीय कन्ट्रोल कमीशन के चेयरमैन के पद भी रह चुके थे। उनके चले जाने से पार्टी को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूत करने से लेकर काफी कार्यकताओं को उत्साहित करते हुए कार्यकताओं को होल्टाईमर भी बनाया। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी कभी हार नहीं मानी। आगे की ओर बढ़ते गए। 2021 में हृदयगति रुकने के कारण वा चल बसे। लेकिन उनके जाने के बाद भी उनके विचारों को हमें आगे बढ़ाना है। ताकि, पार्टी को मजबूती मिल सके। कार्यक्रम में जिला कार्यालय सचिव कामरेड श्याम पाण्डेय, जिला कमिटी सदस्य कामरेड गणेश दास, शिक्षक संघ के नेता कामरेड राम उदय कुमार, गरीबन दास, मोहम्मद सारुख, मोहम्मद असलम, संतोश केशरी, संजू देवी आदि शामिल थे।

### अपनी मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए किसान सलाहकार



**जहानाबाद।** बिहार राज्य किसान सलाहकार संघ के आह्वान पर जहानाबाद की जिला इकाई आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। संघ के अनुसार कृषि विभाग के आधार रहे किसान सलाहकारों की लगातार अनदेखी विभाग द्वारा की जा रही है। पिछले 13 वर्षों से सरकारी कर्मी ना मानते हुए सरकार कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों को कराती है चुनाव कार्य, जनगणना कार्य, यहां तक की दंडाधिकारी के रूप में किसान सलाहकार अपनी योगदान विभाग को देते रहते हैं। जिला किसान सलाहकार संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया कि छह जून से जिले के सभी किसान सलाहकार हड़ताल पर रहेंगे। जिसका एक ज्ञापन एवं मांग पत्र किसान सलाहकार संघ के प्रतिनिधिमंडल जिला कृषि पदाधिकारी जहानाबाद को दिया। उन्होंने कहा कि सहानुभूति पूर्वक हमारी मांगों पर विचार नहीं की जाती है तो चरणबद्ध तरीके से और उग्र प्रदर्शन करने के लिए वो विवश होंगे। प्रतिनिधिमंडल में कृष्ण मुरारी सिंह, संजय कुमार, राहुल कुमार ,आलोक कुमार, राजीव कुमार रंजन ,विनोद कुमार, रितिक रोशन, राजेश कुमार, ज्योति कुमारी, अंकिता कुमारी, बबीता कुमारी, दीपक कुमार, रविकांत ठाकुर, राम किशोर कुमार, विकास प्रकाश, सुनील कुमार, रविंद्र कुमार, भुवन प्रसाद, पंकज कुमार रजक, दीनदयाल चौधरी, राज किशोर शर्मा सहित कई किसान सलाहकार शामिल हुए।

### निपुण बिहार मिशन के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए डीएम ने की बैठक



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में निपुण बिहार मिशन के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रमों व योजनाओं के सफल संचालन के लिए सभी बीडीओ की बैठक की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने निपुण बिहार के तहत तीन वर्ष से नौ वर्ष के बच्चों के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान की निर्धारित दक्षताओं पर कार्य प्राथमिकता के आधार पर किये जाने का निर्देश दिया। साथ ही, सभी बीडीओ की अध्यक्षता में प्रखंड स्तर पर निपुण बिहार के तहत गठित प्रखण्ड एफएलएन कार्यक्रम प्रबंधन इकाई की नियमित बैठक की जाए एवं विद्यालय अनुश्रवण के क्रम में शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया जाए।

### कार्यों की समीक्षा तथा परस्पर समन्वय स्थापित कर कृषि कार्यों में सहूलियत तथा प्रगति लाएं : डीएम

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में मौसम एवं फसल स्थिति, गरमा एवं खरीफ फसल आच्छादन की स्थिति, उर्वरक उपलब्धता की स्थिति, पशुपालन, उद्यान, विद्युत, सिंचाई, हर खेत को पानी, खेत में जल संचयन आदि योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सामयिक निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से आगामी खरीफ मौसम के फसलों के आच्छादन, सिंचाई व्यवस्था एवं सम्मिलित विभागों के कार्यों की समीक्षा तथा परस्पर समन्वय स्थापित कर कृषि कार्यों में सहूलियत तथा प्रगति का निदेश जिलाधिकारी ने दिया। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिले में गरमा अन्तर्गत 63 .36 क्विटल ढैंचा बीज को अनुदानित दर पर बिहार राज्य बीज निगम के ऐप के माध्यम से वितरण किया गया है। जिससे 315 हेक्टेयर क्षेत्र में हरी खाद की खेती हो रही है तथा खरीफ फसलों की खेती हेतु 53082 हेक्टेयर क्षेत्र में आच्छादन का लक्ष्य बिहान ऐप पर प्रविष्टि किया गया है।

## सरकारी अस्पताल में इलाज से मिली टीबी से निजात

# मिला सहयोग : जिला यक्ष्मा केंद्र ने सुनीता देवी को दी नई जिंदगी

**केटी न्यूज/सासाराम**

सरकारी अस्पतालों में इलाज को लेकर लोगों में फैली नकारात्मक सोच अब धीरे-धीरे समाप्त हो रही है। लोग अब इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में पहुंच रहे हैं। खासकर बड़ी एवं जानलेवा बीमारी को लेकर निजी अस्पताल का रुख करने वाले लोग अब सरकारी अस्पताल में इलाज करा कर बेहतर परिणाम पा रहे हैं। उन्हीं में से एक है सासाराम प्रखंड की चँवर तकिया निवासी 32 वर्षीय सुनीता देवी। 2018 में सुनीता देवी टीबी की बीमारी से ग्रसित हुई और इसके इलाज के लिए उन्होंने बनारस के निजी अस्पतालों में 6 लाख से अधिक रुपए खर्च कर डाले परंतु बीमारी ठीक नहीं हुई। सरकारी अस्पताल में इस बीमारी का इलाज की जानकारी मिलने पर सुनीता देवी और उनके पति महेंद्र साह ने सदर




अस्पताल सासाराम में संपर्क किया तो वहां इस बीमारी को ठीक करने के लिए जानकारी दी गई। तकरीबन दो साल की दवा चलने के बाद आज सुनीता देवी पूरी तरह से स्वस्थ है और अपनी सामान्य जिंदगी जी रही है।

**सरकारी अस्पताल में आने पर मिली हिम्मत**

टीवी बीमारी को मात दे चुकी सुनीता देवी ने कहा कि जब उन्हें मालूम चला कि उन्हें टीबी है तो काफी डर गई थी और जीने की उम्मीद भी छोड़ दी थी, क्योंकि उन्होंने सुन रखा था कि टीबी के मरीज की मृत्यु हो जाती है। परंतु जब सदर अस्पताल सासाराम में पहुंची तो यहां पर बताया गया कि दवा से इस बीमारी को ठीक किया जा सकता है तब उन्हें हिम्मत मिली। उन्होंने बताया कि वह एमडीआर टीबी की मरीज थी सासाराम से गया रेफर किया गया और वहां से दवा चलना शुरू हुआ, तकरीबन 2 सालों के बाद अंतिम रिपोर्ट में वह पूरी तरह से स्वस्थ पाई गई। उनके पति महेंद्र साह ने बताया कि घर के सभी लोग डर गए थे। इलाज के लिए बनारस में लाखों रुपए खर्च कर डालें, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। तब सरकारी अस्पताल की जानकारी होने पर यहां इलाज शुरू कराया और आज पत्नी पूरी तरह से स्वस्थ है। उन्होंने बताया कि यहां पर सभी सुविधाएं काफी बेहतर मिली और निः शुल्क इलाज हुआ। दोनों पति -पत्नी ने लोगों से भी अपील किया कि टीबी की बीमारी को छुपायें नहीं और इसका सरकारी अस्पताल में इलाज करवाएं।

**लोगों में फैली सोच अब बदल रही है :**

सीडीओ डॉ राकेश कुमार ने बताया कि 2025 तक देश से टीबी उन्मूलन को लेकर सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में चलाए जा रहे मुहिम की वजह से इस बीमारी को लेकर लोगों में फैली सोच अब बदल रही है। टीबी बीमारी उन्मूलन को लेकर सरकार के चलाए जा रहे उन्मूलन अभियान में रोहतास जिला लगातार कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। उन्होंने कहा कि टीवी जानलेवा बीमारी तो है लेकिन समय से इसका इलाज शुरू कर दिया जाए तो शत प्रतिशत टीबी बीमारी को ठीक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि टीबी की ानकारी होने पर इसे छुपाए नहीं और अपने नजदीकी सरकारी अस्पतालों में टीबी विभाग में उचित परामर्श लेकर करवा कर टीबी का इलाज करवाएं। डीडीओ ने बताया कि जिले में सभी सरकारी अस्पताल में टीबी का जांच और ईलाज पूरी तरह से निःशुल्क है।

## नगर परिषद चुनाव: प्रचार समाप्त होने की पूर्व संध्या पर प्रत्याशियों ने रैली निकाल दिखाई ताकत

# जनता का प्यार, आशीर्वाद पाने की जुगत में प्रत्याशी, बोले- नहीं टूटने देंगे लोगों का भरोसा

डुमरांव नगर परिषद चुनाव का प्रचार अभियान अब अंतिम दौर में पहुंच गया है। चुनाव प्रचार समाप्त होने की पूर्व संध्या पर प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। अधिकांश प्रत्याशी विशाल जुलूस निकाल शक्ति प्रदर्शन करते दिखे। वहीं **केशव टाइम्स** द्वारा तीनों पदों के एक-एक प्रत्याशियों के चुनावी मुद्दे पर उनसे चर्चा की गई। **पेश है रिपोर्ट...**

## ड्रेनेज सिस्टम, स्वच्छता, स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरूस्त करना प्राथमिकता: मिक्की सैनी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र के चेयरमैन पद के लिए चुनाव लड़ रही पटना हाई कोर्ट की एडवोकेट व चर्चित चर्म रोग विशेषज्ञ डा एसके सैनी की पत्नी मिक्की सैनी ने कहा कि समाज सेवा उनका शगल हैं। उन्होंने कहा कि वे सेवा भाव से राजनीति में आई हैं तथा चुनाव जीतने के बाद डुमरांव में डेज्नेज सिस्टम को दुरूस्त करना, शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था को उच्च स्तरीय करना, शहर को साफ व सुंदर बनाना तथा गरीबों को उनका हक पारदर्शी तरीके से दिलवाना उनकी प्राथमिकता में शामिल हैं।



उन्होंने कहा कि नगर परिषद कार्यालय में भ्रष्टाचार की जड़े काफी गहरी हो चुकी हैं। यहा बड़े पैमाने पर लूट खसोट मची हैं। जिस कारण जनता को उनका उचित हक नहीं मिल पा रहा हैं। शहर में जलजमाव, जाम जैसी समस्याएं नासूर बन चुकी हैं। चुनाव जीतने के बाद इन समस्याओं का स्थायी समाधान उनकी प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वे नगर परिषद को भ्रष्टाचारमुक्त बनाने के लिए ही चुनावी मैदान में उतरी हैं। बता दें कि मिक्की सैनी के पति डा एसके सैनी एक डॉक्टर के साथ ही राजनीतिक रसूख भी रखते हैं। उनका सभी वर्गों में मजबूत पकड़ हैं, जिसका लाभ उनकी पत्नी को मिल रहा हैं। डा सैनी ने अपनी जीत को सुनिश्चित बताते हुए कहा कि जनता जनार्दन का अपार प्यार व समर्थन उन्हें मिल रहा हैं। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से पहले पांच वर्षों में ही शहर की सूरत बदल कर रख दूंगा। मंगलवार को डुमरांव के साथ ही नया भोजपुर, पुराना भोजपुर, नवाडेरा, महरौरा समेत पूरे नगर परिषद क्षेत्र का तूफानी दौरा कर जनता का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनके सैकड़ो समर्थक भी मौजूद थे।

## उप मुख्य पार्षद प्रत्याशी अमित कुमार ने कहा- जनता का सेवक बनकर करूंगा सेवा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहर के युवा सामाजिक कार्यकर्ता अमित कुमार इस बार उप मुख्य पार्षद पद के प्रत्याशी हैं। पिछले डेढ़ दशक से विभिन्न संगठनों से जुड़ वे सामाजिक कार्य करते आए हैं। अपने कामों तथा नेतृत्व क्षमता के बदौलत वे युवाओं की पहली पसंद बने हुए हैं। केशव टाइम्स से अपनी प्राथमिकताएं गिनवाते हुए अमित ने कहा कि उनका मकसद अपने शहर को सुंदर व विकसीत बनाना हैं। उन्होंने कहा कि शहर के विकास की जो योजना उन्होंने बनाई हैं, चुनाव जीतने के बाद उसे प्राथमिकताओं के तौर पर पूरा करूंगा।



उन्होंने कहा कि चुनावी अभियान में युवाओं में काफी उत्साह है। जबकि समाज के लोगों को आशीवार्द उन्हें मिल रहा हैं। उन्होंने कहा कि वे जनता का सेवक बनकर काम करना चाहते है। अमित की मानें तो डुमरांव से उन्हें गहरा लगाव है। उन्होंने कहा कि कूड़ा कचरा का समुचित प्रबंधन, सरकारी योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लाूग करवाना तथा लोगों की समस्याओं व कार्यो का समय से समाधान कराना उनकी प्राथमिकताओं में हैं। उन्होंने कहा कि प्रचार अभियान के दौरान जिस तरीके से जनता ने अपना समर्थन व सहयोग दिया है उससे मैं अभिभूत हूं। उन्होंने मतदाताओं से मिल रहे प्यार व दुलार की बदौलत अपनी जीत का दावा करते हुए कहा कि जीत के बाद नगर परिषद क्षेत्र में विकास की गति को तेज करने में अपना सर्वस्व योगदान दूंगा। शहर का विकास करना ही प्राथमिकता में शामिल है। अमित ने मंगलवार को नगर परिषद क्षेत्र का दौरा करने के साथ ही अपने समर्थकों के साथ विशाल जुलूस भी निकाला।

## वार्ड नंबर 21 में जलजमाव की समस्या से निजात दिलाना है प्राथमिकता: गोपाल प्रसाद गुप्ता

**केटी न्यूज/डुमरांव**

वार्ड 21 से इस बार जदयू के नगर अध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता वार्ड पार्षद पद का चुनाव लड़ रहे हैं। मृदुभाषी व मिलनसार स्वभाव के गोपाल प्रसाद गुप्ता की डुमरांव के राजनीतिक गलियारे में मजबूत पहचान है। वे दशकों से डुमरांव के नगर परिषद क्षेत्र की समस्याओं व सामाजिक संघर्षों का नेतृत्व करते रहे हैं। शहर में जाम की समस्या हो या फिर बिजली, पानी, नली गली कि वे हर समय जनता के साथ खड़े नजर आए हैं।

गोपाल प्रसाद गुप्ता अपने संघर्षों तथा अच्छे स्वभाव के बदौलत अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड की जनता का उन्हें बेसुमार समर्थन मिल रहा हैं। उन्होंने कहा कि वे भारी बहुमत से चुनाव जीत रहे हैं। गोपाल प्रसाद ने बताया वार्ड 21 में जलजमाव की समस्या गंभीर है। अनुपयोगी नालियों के कारण पानी का निकास नहीं हो पाता हैं।

उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद इस वार्ड में नाली गली की व्यवस्था दुरूस्त करने, स्ट्रीट लाइट लगवाने, जलापूर्ति व्यवस्था को ठीक करने तथा स्वच्छता अभियान को धरातल पर उतारने का प्रयास करूंगा। गोपाल ने कहा कि वे जनता के भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे तथा जीत के बाद इस वार्ड के विकास को अपनी प्राथमिकता बनाएंगे। गोपाल पूरे दिन अपने वार्ड में घर-घर जा अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार उनके साथ खुद जनता खड़ी है, इसलिए उनकी जीत सुनिश्चत है। उन्होंने कहा कि उनकी छवि के कारण भी लोगों का साथ मिल रहा है। जनता की सेवा ही परमो धर्म के रूप में मानते हुए लोकतंत्र के इस समर में उतरा हूं। विकास की नई लकीर खींचकर लोगों के दिलों में खास जगह बनाना है ताकि लोग सदियों तक उनके कार्यों को याद रख सकें।



## रेलवे ट्रैक के करीब लावारिस हालत में मिला युवक का शव

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर पांडेयपट्टी रेलवे क्रासिंग के पास मंगलवार की सुबह एक युवक का शव लावारिश हालत में पड़ा था। इसकी सूचना मिलते ही टाउन थाने की पुलिस ने शव को कब्जें में पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। वही उसकी तस्वीर को विभिन्न थानों में भेज पुलिस ने पहचान कराने का प्रयास किया हैं। लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।



जानकारी के अनुसार पांडेय पट्टी गुमटी के पास स्थित अमर मेडिकल हॉल के पीछे उसका शव पड़ा था। वह ब्लू कलर की जिंस तथा सफेद रंग का चेकदार सर्ट पहने हुए था। उसके मुंह से झांग निकला था। जिससे आशंका जताई जा रही हैं कि नशीला पदार्थ के सेवन से उसकी मौत हुई होगी। हालांकि पुलिस इस मामले में कुछ भी बताने से परहेज कर रही हैं। टाउन थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने कहा कि युवक के शव का पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## ब्रह्मपुर में एंबुलेंस से तीन पेटी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

- मुरार से लावारिश हालत में खड़ी वैगनार से मिला 12 कार्टन शराब, तस्करों की शिनाख्त में जुटी पुलिस
- दोनों घटनाओं को आपस में जोड़कर देख रही है पुलिस

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल इलाके में शराब तस्करी का नया मामला सामने आया हैं। मंगलवार को ब्रह्मपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर एक एंबुलेंस से तीन पेटी में कुल 148 पीस शराब बरामद किया हैं। पुलिस ने चालक को भी गिरफ्तार कर लिया हैं। एंबुलेंस नंबर बीआर 01पीपी 0477 पर राज्य स्वास्थ्य समिति अंकित हैं। सूत्रों की मानें तो चालक यूपी से शराब की खेप लेकर आया था। वही इसके पहले दोपहर में मुरार पुलिस ने दिवा गश्ती अभियान के चौगाईं पानी टंकी के समीप से लावारिश हालत में खड़ी एक यूपी नंबर की वैगनार कार जिसका नंबर




यूपी 65 बीएन 8157 से 11 पेटियों में छिपाकर रखे कुल 570 पीस फ्रुटी पैक शराब बरामद किया हैं। पुलिस वाहन को जब्त कर उसके नंबर के आधार पर तस्करों तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं।

मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इसकी पुष्टि की हैं। वही सूत्रों की मानें तो आशंका जताई जा रही हैं कि ब्रह्मपुर में जिस एंबुलेंस में शराब पकड़ाया हैं, उसी एंबुलेंस से यहा भी शराब की डिलवरी दी गई थी। जिसके बाद स्थानीय तस्कर इसे वैगनार कार में भर ठिकाने पर पहुंचाने जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस को दिवा गश्ती अभियान चलाते देख पानी टंकी के पास कार को छोड़ फरार हो गए। ब्रह्मपुर में गिरफ्तार एंबुलेंस चालक जासों के पिंटू ओझा से पूछताछ के आधार पर पुलिस इस गुत्थी को सुलझाने का प्रयास कर रही हैं। जबकि मुरार थानाध्यक्ष रविंकात की मानें तो तस्करों की पहचान कर ली गई है। उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। जबकि घटना की जानकारी मिलते ही डुमरांव एसडीपीओ मुरार व ब्रह्मपुर थाना पहुंच जांच पड़ताल में जुट गए हैं। वही एंबुलेंस से शराब बरामदगी की चर्चा ब्रह्मपुर समेत जिलेभर में हो रही है। एसडीपीओ अफाक अंसारी ने कहा कि मामले की पड़ताल की जा रही हैं कि तस्करों द्वारा शराब की खेप कहा से लाया गया था तथा इस खेल में कौन कौन लोग संलिप्त हैं।

### केंद्र सरकार के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम में शामिल होने आए बिहार बीजेपी प्रभारी विनोद तावड़े, स्थानीय सांसद भी रहे मौजूद

# जनता की सेवा में 24 घंटे तत्पर रहते हैं पीएम मोदी: विनोद तावड़े

**केटी न्यूज/बक्सर**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व बिहार प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने के अवसर पर बक्सर संसदीय क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में स्थानीय सांसद केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के साथ शिरकत किया। उन्होंने कहा कि 9 साल गरीब कल्याण और सुशासन को समर्पित रहा। प्रधानमंत्री बिना रुके, बिना थके चौबीसों घंटे जनता की सेवा में लगे रहते हैं। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे घर घर एवं जन जन तक पहुंच कर मोदी सरकार की उपलब्धियों से सभी को अवगत कराएं। इसके पहले सुबह बक्सर बॉर्डर पर पहुंचने पर बिहार



प्रदेश प्रभारी का भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष विजय सिंह के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान ब्रह्मपुर विधानसभा में वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत की बदौलत आज भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे लाभार्थियों से मिले उनका अनुभव जाने केंद्र सरकार की योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने में मदद करें। केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि आज दुनिया भारत की ओर देख रही है।

प्रधानमंत्री ने सभी को साथ लेकर एक भारत श्रेष्ठ भारत का निर्माण हो इसके लिए वे दिन-रात कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकताओं की मेहनत की सराहना की। इसके बाद डुमरांव विधानसभा के विभिन्न गांवों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजपुर विधानसभा में प्रबुद्ध जन सम्मेलन आयोजित किए गए। इस मौके पर प्रभारी ने कहा कि पीएम मोदी ने इस सोच के साथ काम किया है कि 140 करोड़ नागरिकों तक सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ पहुंचे। बीजेपी सरकार ने सबका साथ सबका विश्वास संकल्प लेकर निरंतर विकास की दिशा में काम किया है। इसी के चलते आज भारत विश्व पटल पर अपनी नई मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए जाना जाता है। सभी को सम्मान व सुरक्षा मिला है।

केंद्र सरकार प्रत्येक दिशा में सेवाभाव से काम करते हुए विश्व के सबसे युवा लोकतंत्र को नई उम्मीदों के साथ बुलंदियों पर ले जा रहा है। देश ने इन नौ वर्षों में यह देख लिया कि शोषितों और वंचितों को हर हाल में उनका हक मिला। 9 साल गरीब कल्याण व सेवा, सुशासन को समर्पित रहा हैं। मौके पर सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### पेयजल की समस्या पर फूटा अनुसूचित जाति बस्ती के लोगों का गुस्सा, किया सड़क जाम



**कोरानसराय।** इस भीषण गर्मी में भी सरकारी जलापूर्ति की व्यवस्था दुरूस्त नहीं हो पाई है। जिस कारण लोगों ने शासन प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश हैं। मंगलवार को कोरानसराय पंचायत के वार्ड 12 स्थित अनुसूचित जाति बस्ती के लोगों का गुस्सा भी पेयजल के लिए देखने को मिला। बस्ती वालों ने इस मसले पर कोरानसराय में एनएच 120 को जाम कर परिचालन व्यवस्था को ठप कर दिया था। इसकी जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष रंजीत कुमार मौके पर पहुंचे तथा लोगों को समझा बुझा व शीघ्र आपूर्ति बहाल कराने का आश्वासन दे जाम हटवाया। सड़क जाम कर रहे बस्ती वालों की मानें तो एक सप्ताह से उनके मोहल्लें का मोटर खराब हो गया हैं। जिस कारण आपूर्ति ठप हैं। आपूर्ति ठप होने से लोगों को इस भीषण गर्मी के मौसम में बूंद बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा हैं। सरकारी नलके पहले से ही खराब पड़े हैं। बस्ती के लोगों ने पहले पंचायत प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से मोटर के मरम्मत की गुहार लगाई थी। लेकिन जब किसी भी स्तर से सुनवाई नहीं हुई तो आखिरकार उनका संयम जबाव दे दिया। सैकड़ो की संख्या में बस्ती वालों ने पानी के बर्तन, बाल्टी, डब्बा, डेकची आदि लेकर बीच सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही प्रशासन की बेचैनी बढ़ गई। हालांकि थानाध्यक्ष के समझाने बुझाने के बाद उनका आक्रोश शांत हुआ तथा लोग सड़क जाम को हटा अपने घर लौट गए। इस संबंध में बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कि मोटर के मरम्मत का निर्देश दिया गया हैं। जल्दी ही बस्ती वालों को जलापूर्ति का लाभ दिया जाएगा।

### नगर परिषद् चुनाव को लेकर प्रशासन को नया भोजपुर में बरतनी होगी विशेष सावधानी

**डुमरांव।** नगर परिषद चुनाव में वैसे तो सभी बूथों पर प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई हैं। लेकिन प्रशासन को नया भोजपुर में विशेष सतर्ककता बरतने की जरूरत हैं। पहले भी इस गांव में चुनाव के दौरान तनाव का माहौल रहता हैं। जानकारों की मानें तो यहा एक विशेष वर्ग द्वारा चुनाव के दौरान गड़बड़ी फैलाने से इंकार नहीं किया जा सकता हैं। सूत्रों की मानें तो कई प्रत्याशियों ने नया भोजपुर में सुरक्षा के विशेष इंतजाम की बात निवार्ची पदाधिकारी से कही हैं। बता दें कि इस गांव में कई बार सांप्रदायिक तनाव हो चुके है। लिहाजा प्रत्याशियों की आशंका को इंकार नहीं किया जा सकता हैं। ऐसे में देखना हैं कि निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ द्वारा नया भोजपुर में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए क्या हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।

### काजीपुर मुखिया ने दिखाई मानवता, घायल युवक को पहुंचाया अस्पताल

**सिमरी।** मंगलवार को काजीपुर पंचायत के मुखिया ने रामपुर मठिया गांव के पास जख्मी अवस्था में पड़े एक युवक को अस्पताल पहुंचा मानवता की राह दिखाई हैं। जानकारी के अनुसार वह युवक सड़क दुर्घटना में जख्मी हो गया था तथा कुछ देर तक सड़क पर छटपटा रहा था। इस दौरान दर्जनों वाहन चालक व राहगीर उधर से गुजरे, लेकिन किसी ने उसकी सहायता करने की तोहमत नहीं उठाई। संयोग से उसी समय काजीपुर पंचायत के मुखिया उधर से गुजर रहे थे। उन्होंन मानवता कि मिशाल पेश करते हुए गंभीर रूप से घायल युवक को अपने वाहन से लेकर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। इलाज के बाद युवक खतरे से बाहर हो गया हैं। उसकी पहचान सिमरी थाना क्षेत्र के खरहाटांड़ गांव निवासी खुदी राम के पुत्र लालू राम के रुप में हुई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि घायल युवक दोपहर तीन बजे के करीब अपने गांव खरहाटाड़ से बाइक पर सवार होकर डुमरांव की ओर जा रहा था। कि रामपुर मठिया के समीप अचानक बाइक की संतुलन बिगड़ गया और वह बाइक से गिरकर बेहोश हो गया था। लगभग आधे धंटे तक युवक सड़क के किनारे बेहोश पड़ा रहा। लेकिन काजीपुर पंचायत के मुखिया इत्यािज अंसारी ने उसे समय पर अस्पताल पहुंचा उसकी जान बचा ली। उसे होश आने तथा परिजनों के वहा पहुंचने तक मुखिया अस्पताल में रूके थे। जख्मी के परिजनों के साथ ही लोगों ने मुखिया के इस नेक काम की सराहना की हैं।

### प्रखंड कार्यालय में लगी बायोमेट्रिक मशीन

**केसठ।** बिहार सरकार के निर्देश पर मंगलवार को केसठ प्रखंड कार्यालय में बायोमेट्रिक मशीन लगा दी गई। इसको लेकर सारी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई है। प्रखंड कार्यालय में कार्यरत नियमित एवं संविदा पर कार्य करने वाले अन्य कर्मियों को बायोमेट्रिक सिस्टम से उपस्थिति बनानी होगी, इसके लिए प्रखंड कार्यालय में एक बायोमेट्रिक मशीन लगाई गई है। इस संबंध में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि कार्यालय में सभी पदस्थापित कर्मियों को अब आते वक्त एवं जाते वक्त बायोमेट्रिक मशीन से अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होगी। उन्होंने बताया कि अब कर्मियों की लेटलतिफी तथा समय से पहले घर जाने की बीमारी से छुटकारा मिल जाएगा।

### डुमरांव में शराब के साथ बक्सर के दो धंधेबाज गिरफ्तार, 106 पीस शराब बरामद

**डुमरांव।** डुमरांव में नगर परिषद चुनाव के दौरान भारी मात्रा में शराब को खपाने आये बक्सर के दो धंधेबाजों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। पुलिस की टीम ने धंधेबाजों के पास से झोले में छिपाकर रखे गये 106 पीस अंग्रेजी शराब को बरामद किया है। धंधेबाजों से कड़ी पूछताछ कर जेल भेज दिया गया हैं। पकड़े गये कारोबारियों की पहचान बक्सर के मुफस्सिल थाना स्थित मित्रलोक कॉलोनी निवासी मिक्कू कुमार उर्फ अभिषेक कुमार ठाकुर और पांडेयपट्टी के रहने वाले आनंद कुमार चौधरी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि डुमरांव में शराब की बड़ी खेप उतारी गयी है। इस सूचना पर पुलिस की टीम एसआइ दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में भेजा गया और पुलिस ने रेलवे स्टेशन के आसपास जाल बिछा दिया। इसी दौरान पुलिस का वाहन देख धंधेबाज भागने लगे, जिसे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दबोच लिया। जब दोनों की तलाशी ली गयी तो अभिषेक कुमार ठाकुर के पास से 35 पीस और आनंद कुमार के पास से 71 पीस शराब बरामद हुआ।

### बीडीओ ने किया सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण

**केसठ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा से निर्मित सामुदायिक शौचालय भवन का बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि शौचालय पूरी तरह से कचरे के ढेर में तब्दील हो गया है। वही भवन की स्थिति भी दयनीय है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शौचालय करीब तीन साल पूर्व बनाया गया था।जो मनरेगा से निर्मित कराया गया था।बीडीओ ने कहा की शौचालय के निरीक्षण के दौरान काफी खामियां पाई गई है। साफ सफाई की स्थिति काफी दयनीय है। वही शौचालय में लगे हैंडपंप भी खराब हो गया है। उन्होंने बताया कि प्रखंड की राशि से इसकी मरम्मत एवं साफ-सफाई जल्दी कराई जाएगी।

## खबरें फटाफट

### बालासोर में हुए ट्रेन हादसे में बलिया के बेटे की मौत

लालगंज। उड़ीसा के बालासोर में हुए दुर्घटना में दोकटी थाना क्षेत्र के बहुआरा निवासी देवेंद्र सिंह पुत्र सूर्यदेव सिंह 38 साल के मृत्यु होने से गांव में दुखी का माहौल है शोक सम्बेदना प्रकट करने वाले पहुचकर ढाढस बढ़ाने में लगे है। बतादे कि बहुआरा गांव निवासी देवेंद्र सिंह पुत्र सूर्यदेव सिंह दुर्घटना ग्रस्त हुई कोरोमंडल एक्सप्रेस में पेंटी चेयर कार खाना देने का कार्य करते थे तथा दुर्घटना के दिन भी अपने ड्यूटी पर गए थे दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई। कागजी खाना पूर्ति के बाद गांव खबर पहुचने के बाद कल से ही उनके घर पूछन हारो का तांता लगा हुआ है। स्वर्गीय सिंह अपने परिवार सहित कोलकत्ता में रहते थे और वही से अपनी नौकरी करते थे। वह अपने पीछे अपनी पत्नी पूजा व चार वर्षीय बच्ची सृष्टि को छोड़ गये है। उनके चचेरे भाई वीरेंद्र सिंह ने बताया कि देवेंद्र बहुत मिलनसार व मेहनती लड़का था जो अपने इस नौकरी के बदौलत ही अपने परिवार का भरण पोषण करते थे।

### मजदूरों की संख्या बढ़ाकर जल्दी काम कराएं, देर होने पर अभियंता की जवाबदेही तय: डीएम

**केटी न्यूज/बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने मंगलवार को गोपालपुर व दूबेछपरा में गंगा नदी के किनारे हो रहे कटानरोधी कार्यों व निमार्णाधीन स्पर का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित बाढ़ खंड के अभियंताओं से कार्य संबंधी जानकारी ली और जितना जल्दी हो सके, कार्य पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि अब कार्य की समय सीमा समाप्त होने वाली है, लिहाजा जो कार्य अभी भी अधूरे हैं तेजी से पूरा कराया जाए। निमार्णाधीन स्पर पर अपेक्षा के अनुरूप कम मजदूर मिलने पर जिलाधिकारी ने कहा कि मजदूरों की संख्या बढ़ाकर जल्दी काम कराएं अन्यथा देर होने पर संबंधित अभियंता की जवाबदेही तय की जाएगी। सहायक अभियंता एसके प्रियदर्शी ने बताया कि यहां 80 प्रतिशत कार्य हो चुका है। अगले कुछ दिनों में ही कार्य पूर्ण हो जाएगा। गोपालपुर में हो रहे कटानरोधी कार्य की प्रगति ठीक नहीं मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस गति से कार्य हुआ तो निर्धारित समय सीमा में पूरा नहीं हो पाएगा। इसलिए मजदूर बढ़ाकर कार्य की रफ्तार बढ़ाई जाए। इस दौरान एसडीएम बैरिया आत्रेय मिश्र, जेई अमर नाथ वर्मा आदि थे। वहीं, जिलाधिकारी ने मंगलवार को बलिया शहर में कटहल नाले पर बन रहे विजईपुर रेगुलेटर के निर्माण का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति की जानकारी सम्बन्धित सिचाई विभाग के इंजीनियर से ली। कहा कि बरसात का मौसम आने वाला है, लिहाजा जल्द से जल्द जरूरी कार्य पूर्ण कर फाटक लगाकर इसको सक्रिय किया जाए।

# पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, मौत की अफवाह पर पत्नी की गई जान

- पति के मौत की खबर पाकर ससुर के साथ बाइक से जा रही पत्नी हुई सड़क हादसे की शिकार
- परिजनों ने लगाया खानपुर पुलिस और एसओजी पर फर्जी मुठभेड़ का आरोप

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के खानपुर थाना क्षेत्र के नायकडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने मंगलवार को भोर में एसओजी और खानपुर पुलिस की मुठभेड़ में 25,000 का इनामियां हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार हो गया। जबकि बाइक चला रहा उसका दूसरा साथी फरार हो गया। पुलिस की गोली से घायल विकास यादव को पुलिस उपचार के लिए अस्पताल ले गई। उधर घायल हिस्ट्रीशीटर की पत्नि नंदिनी यादव को अफवाह में जानकारी हुई कि पुलिस ने उसकी पत्नि का इनकाउंटर कर दिया है। सूचना मिलते ही तत्काल वह ससुर के साथ बाइक पर बैठकर सीएचसी सैदपुर के लिए रवाना हुई। डढ़वल गांव से गुजरते हुए वह अनियंत्रित होकर बाइक से गिर पड़ी। उसके सिर के बाएं हिस्से में तगड़ी चोट लगी। इससे उसकी सैदपुर सीएचसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। हिस्ट्रीशीटर के पिता रमेश यादव का आरोप है कि विकास अपनी पत्नी की रिश्तेदारी में जौनपुर के चंदवक थाना क्षेत्र के उचेहुवा गांव में एक शादी में शामिल होने अपनी पत्नि के साथ गया था। जहां आधी रात के बाद करीब 2:30 बजे पुलिस टीम ने पहुंच कर विकास को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी



का वीडियो बनाते समय पुलिस ने नंदिनी के साथ धक्का मुक्की की। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लग गई।

**पुलिस ने अठगांवा मोड़ से नायकडीह पीएचसी जाने वाले मार्ग से पकड़ा :** खानपुर थाने में मंगलवार को सीओ सैदपुर के साथ आए एसपी सिटी ज्ञानेंद्र ने पत्रकारों से बातचीत करने के दौरान बताया कि लाल रंग की सुपर स्प्लेंडर बाइक पर सादात के कमलेश यादव के साथ सवार होकर हिस्ट्रीशीटर विकास यादव अपने घर की ओर लौट रहा था।

तभी पुलिस ने उसे घेर लिया। जान बचाने के लिए उसने अपनी बाइक शिवदासपुर मोड़ से सौना की ओर घुमा लिया, जहां अठगांवा मोड़ से नायकडीह पीएचसी जाने वाली सड़क पर पुलिस ने उसे दोनों ओर से घेरकर गिरफ्तार कर लिया।

**मां को खोकर तीन बच्चे हुए बेसहारा :** नंदिनी की मौत ने सबको हिलाकर रख दिया है। खासकर उसके तीन बच्चों की जिंदगी संकट में फंसकर रह गई है। पुलिस की गोली खाकर घायल हुआ पिता विकी ऊर्फ विकास यादव पुलिस की गिरफ्त में हैं। जबकि मां नंदिनी की आकस्मिक मौत ने उनके तीनों बच्चों को अनाथों जैसा कर दिया है। हालांकि उनकी उम्र अभी बहुत छोटी है। सबसे बड़ी बेटी खुश्बू 6 वर्ष, दो बेटे राज यादव व रूस्तम क्रमशः चार और दो वर्ष के हैं। खानपुर थाना क्षेत्र के तराएं गांव स्थित अपने नाना नानी के साथ रह रहे नंदनी के तीनों बच्चे अपने मां-बाप को अपने पास न देखकर परेशान हैं। वहीं, उनकी हालत देखकर लोग द्रवित हो हुए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रमेश यादव के पांच बेटों में विकी यादव दूसरे नंबर पर है।

# खानपुर थाने की पुलिस पर दर्ज हो हत्या का मामला, परिजनों को मिले मुआवजा: विधायक

- हादसे में मृत महिला का शव रख एसपी दफ्तर पर सपा नेताओं ने किया प्रदर्शन
- एनकाउंटर की बात पर एसपी ने दिया गोलमोल जवाब

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने तब एकाएक अफरा -तफरी मच गई। जब एक महिला का शव कार्यालय के सामने रख कर मृतका के परिजन और सपा नेताओं व कार्यकताओं द्वारा प्रदर्शन शुरू कर दिया गया। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाने लगे। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस अधिकारियों समेत पुलिस बल भी मौजूद रही। प्रदर्शन कर रहे मृतका नंदनी के परिजन और सपा नेता ने खानपुर थाने की पुलिस समेत अन्य पुलिस कर्मियों पर धारा 302 का मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए और मृतका के परिजनों को कुछ मुआवजा दिया जाए।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे मृतका के पिता गोरखनाथ यादव ने बताया कि पुलिस ने हमारी बेटी को पटक-पटक कर मार डाला।पुलिस ने उसे पटक दिया जिससे उसके नाक और मुंह से खून निकलने लगा और तुरंत उसकी मौत हो गयी। वो अपने पति को छुड़ा रही थी और पुलिस ने उसे पटक दिया। जिला पंचायत सदस्य कमलेश यादव ने बताया कि



विकास यादव पर पुलिस ने कई फर्जी मुकदमा दर्ज कर रखा था और बार-बार मोटी रकम लेकर उसे छोड़ देती थी।

जब उसने पैसा देने से मना कर दिया और पुलिस की प्रताड़ना से तंग आकर वो अपने परिवार को लेकर अपने ननिहाल चला गया पर पुलिस ने उसका पीछा वहां भी नहीं छोड़ा। रात तीन बजे पुलिस वहां पहुंच जाती है और जब मृतका इसका विरोध करती है तब पुलिस उसको इतना मारती है कि उसकी मौत हो जाती है। पूरे थाने को निलंबित कर मुकदमा दर्ज किया जाये। सउन्होंने बताया कि विकास यादव को भी गोली लगी है जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**दरवाजा तोड़कर घर में घुसी पुलिस :** वहीं विकास यादव के भाई सोनू यादव ने बताया की रात के 2.30 बजे खानपुर एसओ अपनी टीम के साथ पहुंचे और दरवाजा तोड़कर घर में घुस गये और मेरे भाई को ले जाने लगे।जब मेरी भाभी ने इसका विरोध किया तो आकाश सिंह ने उसे धक्का दे दिया जिससे उनकी मौत हो गयी और सुबह हमें पता चला की भाई को भी गोली लगी है। जंगीपुर से समाजवादी पार्टी के विधायक बीरेंद्र यादव ने बताया कि घटना बहुत निंदनीय है।पुलिस यदि किसी को पकड़ती है तो उसका हाफ एनकाउंटर नहीं कर सकती है लेकिन जब यहां की पुलिस विकास यादव को पकड़ती है तो उसका हाफ एनकाउंटर करती है। जब पत्नी उसे बचाने गयी तो पुलिस ने उसे धक्का दे दिया जिससे उसके सर में चोट आ गयी और उसकी मौत हो गयी। हमने मांग किया है कि दोषी पुलिकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करें और उनको सस्पेंड करें।डीएम, एसपी और डीआईजी से वार्ता के बाद दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की बात की गयी है और मामले न्यायिक जांच होगी और उसकी रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज होगा। उन्होंने मृतका के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा देने की भी मांग की। विधायक ने बताया कि जरुरत पड़ी तो मामले को विधानसभा में भी उठाया जायेगा।

**विकास यादव हिस्ट्रीशीटर है :** वहीं एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि मामले में प्रथम दृष्टया पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आयी है और एसओ समेत 3 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि विकास यादव हिस्ट्रीशीटर है और गिरफ्तार करने के लिये पुलिस ने दबिश दिया था जिसके दौरान ये घटना हुई है।

जिलाधिकारी ने मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिये हैं। इस घटना से गाजीपुर पुलिस सवालों के घेरे में आ गयी है क्योंकि दसअसल पुलिस ने विकास यादव को उसके ननिहाल से उठाया था और उसका एनकाउंटर भी किया था। जिसमें विकास को पैर में गोली लगी है जिसकी पुष्टि सपा विधायक बीरेन्द्र यादव और विकास यादव के भाई ने की है पर इसी दौरान ये घटना हो गयी। हालांकि एसपी ने इसपर कुछ भी नहीं बोला और एनकाउंटर की बात पर गोलमोल जवाब दिया और बताया कि विकास को जेल भेज दिया गया है।

## बीएड परीक्षा, ईदुज्जुहा व मोहर्रम के दृष्टिगत 31 जुलाई तक धारा 144 लागू

**केटी न्यूज/बलिया**

विश्वविद्यालय सामान्य प्रवेश परीक्षा (पीजी)-2023 व बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2023-25 तथा आगामी त्यौहार ईदुज्जुहा (बकरीद), मोहर्रम को दृष्टिगत रखते हुए जिला मजिस्ट्रेट रवीन्द्र कुमार ने बताया है कि जनपद सीमा के भीतर निवास करने वाले तथा आने जाने वाले समस्त व्यक्तियों के लिए 05 जून से 31 जुलाई तक के लिए धारा-144 लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि जनपद सीमा के अन्तर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थानों पर पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एक समूह के रूप में एक साथ एकत्रित नहीं होगे और न ही कोई जुलूस निकालेगें और न ही कोई धरना प्रदर्शन करेगा और न ही कोई ऐसी अफवाह फैलायेगें जिससे शान्ति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। विशेष परिस्थितियों में जुलूस आदि के लिए सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा। यह प्रतिबन्ध परम्परागत, सामाजिक या धार्मिक संस्कारों एवं रीति-रिवाज तथा जुमे की नमाज पर लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र जैसे लाठी डण्डा, चाकू, भाला, फरसा, बन्दूक, राइफल, रिवाल्वर, पिस्टल आदि आग्नेयास्त्र या अन्य धारदार हथियार एवं किसी प्रकार के विस्फोटक पदार्थ को लेकर नहीं चलेगा। यह प्रतिबन्ध सिक्खों द्वारा परम्परागत रूप से धारण होने वाले कृपाण तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। बूढ़े, बीमार, विकलांग, अपंग तथा अन्य व्यक्ति सहारे के लिए लाठी, डण्डे अथवा छड़ी का प्रयोग कर सकते है। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान, मन्दिर, मस्जिद, गुरूद्वारा, चर्च, सड़क मकान के अन्दर अथवा छत पर ईंट, पत्थर, शीशा, बोतल व कांच के टुकड़े तथा विस्फोटक आदि एकत्र नहीं करेगें।

## ताड़ीघाट- मऊ नई रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना का मंत्री ने किया निरीक्षण

- अब तक हुए कार्यों की मंत्री व अफसरों ने की समीक्षा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प और न्यायालय शुल्क/पंजीयन विभाग रवीन्द्र जायसवाल मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट में शुमार 51 किमी लंम्बी ताड़ीघाट- मऊ नई रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना के पहले चरण का निरीक्षण एवं अब तक हुए कार्यो की समीक्षा बैठक करने के साथ ही उन्होंने परियोजना नवंबर -2023 तक हर हाल में पूरा कर लिया गया। ताकि नए साल से पहले पीएम अपने हाथों से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को देश को समर्पित कर सकें। प्रभारी मंत्री के



परियोजना के निरीक्षण की खबर मिलते ही आनन-फानन में सभी प्रशासनिक मशीनरियां रात से ही सक्रिय हो गई। कहीं से कोई चूक न मिले अधिकारी, इंजीनियर रात से लेकर सुबह तक सक्रिय नजर आए। वाराणसी सर्किट हाउस से आज सुबह करीब दस बजे सड़क मार्ग से चल कर गाजीपुर सर्किट हाउस पहुंचे, वहां से सीधे घाट स्टेशन स्थित आरवीएनएल के गेस्ट हाउस में साढ़े ग्यारह बजे सड़क मार्ग से होते हुए आए, जहां उन्हें प्रोजेक्ट के माध्यम से इंजीनियरो ने प्रजेंटेशन दिया। उसके बाद उनका काफिला रेल सह सड़क पुल के निरीक्षण के लिए पहुंचा, जहां ?उन्होंने बकायदा ट्राली व पैदल चलकर अवलोकन किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प और न्यायालय शुल्क /पंजीयन विभाग रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि आज हम लोग विकास को तीर्थ मानते हैं।केवल मन्दिर, मस्जिद ही तीर्थ नहीं है, बल्कि विकास का माडल तीर्थ का स्थान है। विकास होता है तो आम जनता देश का भला होता है। निरीक्षण का उद्देश्य पूरे देश में समय से निर्माण कोई दिक्कत न हो, हम विकास का दर्शन करते है। इसका भाव यह है कि जब यह समय से जल्द बनेगा तो देश को समर्पित होगा, तो देश को लाभ होगा।

## एक नजर

### पहली बैठक में ही विकास की कई योजनाओं पर बनी सहमति



**बलिया।** शहर के विकास को लेकर नगर पालिका परिषद में पहली बोर्ड की बैठक मंगलवार को नवनिर्वाचित चेयरमैन संत कुमार गुप्ता मिठाई लाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें सभासदों ने अपने-अपने वार्डों को सुन्दर बनाने के लिए चेयरमैन संत कुमार गुप्ता मिठाई लाल के सामने अपना प्रस्ताव रखा। इस दौरान सभासदों ने अपने वार्डों में ढक्कन सहित आरसीसी नाली बनाने, नगर में पुराने खराब पड़े आरओ प्लांट के मरम्मत व सभी 25 वार्डों में नए अल्कालाइन प्लांट लगाने, नगर क्षेत्र के कुओं व तालाबों के संरक्षण, नगरपालिका क्षेत्र की जीआइएस करने वाली कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने, नगरपालिका परिषद के नए भवन के निर्माण, नपा की संपूर्ण कार्यप्रणाली को डिजिटलीकरण करने, शौचालयों की सफाई व्यवस्था, नपा कर्मियों की बायोमेट्रिक हाजिरी व सीसीटीवी कैमरा लगाने, प्लास्टिक से बायो फ्यूल बनाने वाली कंपनी को बसंतपुर में जमीन उपलब्ध कराने व सभी वार्डों में देशी हैंडपंप व स्ट्रीट लाइट लगाने आदि के मुद्दे पर विचार हुआ। इसके नगर पालिका परिषद के नए भवन के निर्माण के लिए चेयरमैन ने चर्चा की जिस पर सभासदों ने अपनी सहमति भी दी। बैठक में अधिशासी अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह व सभासद आदि मौजूद रहे।

### आम के पेड़ में फांसी लगाकर डॉक्टर ने की खुदकुशी



बलिया। नरहीं थाना क्षेत्र के सोहांव गांव निवासी डॉ. ओमकार नाथ राय ने अपने बागीचे में आम के पेड़ पर रस्सी लगाकर फांसी लगाकर जान दे दी। इसकी जानकारी सुबह हुई जब ग्रामीणों ने शव को पेड़ से लटका हुआ देखा इसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि मृतक ने अपने सुसाइड नोट में वाराणसी के सिगरा में स्थित मकान पर कब्जे का जिक्र किया है। सोहांव गांव निवासी डॉ ओमकार राय 65 वर्ष का घर गांव में भी है तथा कृषि विज्ञान केंद्र सोहांव के बगल में बागीचे में भी कमरा बना कर रहते थे। सोमवार की रात में अपने बागीचे में आम के पेड़ पर रस्सी बांध कर लटक गये। सुबह ग्रामीणों की नजर उनके पेड़ पर लटकते शव पर पड़ी तो यह खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। डॉ ओमकार नाथ राय के जेब से मिली सुसाइड नोट में वाराणसी के सिगरा में स्थित मकान पर कब्जे का जिक्र है। इनके बड़े लड़के प्रभाकर राय के तहरीर पर पुलिस ने हरमीत सिंह बग्गा, जेपी सिंह, यूसुफ खान, राजू सोनकर, संतोष केशरी व सुजीत सेठ के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। ओमकार नाथ राय वाराणसी में पैथोलॉजी एवं ब्लड बैंक भी चला चुके हैं। इस समय गांव पर ही रह रहे थे।

### क्षय रोग उन्मूलन दिवस पर जागरूकता कैंप का आयोजन



**गाजीपुर।** मरदह विकास खंड के प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र दुर्खुर्शी पर मंगलवार को सरकार के निर्देश पर क्षय रोग उन्मूलन दिवस के अवसर पर जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया।जिसमें क्षेत्र के? सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित जानकारी दी गई। डॉ.मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के मामलों की पहचान करने के लिए एक अभियान शुरू किया है। यह अभियान प्रत्येक महीने में टीबी के संदिग्ध मामलों पर फोकस करेगा। इस अभियान को 'निक्षय दिवस' का नाम दिया गया है। इसके तहत सभी स्वास्थ्य सुविधाएं, संदिग्ध मामलों की जांच और परीक्षण प्रदान करेगी।आशा कार्यकर्ता डोर-टू-डोर अभियान चलाएंगी और संदिग्ध मामलों की पहचान करने का प्रयास करेगी। इसके अलावा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा कर मरीजों की पहचान होने के बाद उनका इलाज करा सकती है।सीएचओ पूनम भारती ने कहा कि नि:क्षय गतिविधियों के साथ कुष्ठ,फाइलेरिया और कालाजार उन्मूलन गतिविधियों पर जोर दिया जाएगा। इन बीमारियों के रोगियों को चिह्नित कर उन्हें उपचार, परामर्श व आवश्यक दवाएं दी जाएंगी।

### जूनियर इंजीनियर 2018 के परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग



**बलिया।** परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर मंगलवार को अभ्यर्थियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिक्र किया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा वर्ष 2018 में जूनियर इंजीनियर का विज्ञापन डाला गया था। विज्ञापन निकालने के चार वर्ष बाद 16 अप्रैल 2022 को परीक्षा कराई गई, जिसके संपन्न हुए एक वर्ष से अधिक का समय हो गया, लेकिन अभी तक परिणाम जारी नहीं किया गया। जबकि आयोग द्वारा जूनियर इंजीनियर 2018 के अलावा अन्य सभी भर्तियों के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। जूनियर इंजीनियर 2018 से संबंधित ज्यादातर अभ्यर्थी ओवरएज होने वाले हैं। आयोग के इस भेदभावपूर्ण रवैये के कारण हम सभी अभ्यर्थीगण मानसिक रूप से अवसाद ग्रस्त होते जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से 2018 जूनियर इंजीनियर परीक्षा के परिणाम घोषित किए जाने के संबंध में अविलंब आदेश जारी करने की अपील की है। अपील करने वालों में हर्ष नारायण, गणेश शर्मा, मनोज कुमार यादव, राहुल राय शामिल रहे।

### एक वर्ष में 16 पुरुष और 4653 महिलाओं ने अपनाई नसबंदी

**बलिया।** अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ आनन्द कुमार ने बताया कि 1अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक जनपद में 16 पुरुष और 4653 महिलाओं ने नसबंदी कराकर परिवार नियोजन के स्थाई साधन अपनाये है। इसके अलावा दो बच्चों के बीच में सुरक्षित तीन साल का अंतर रखने के लिए महिलाओं ने अस्थाई साधन को भी अपनाया है।

## नपा के नवनिर्वाचित बोर्ड की पहली बैठक में 14 करोड़ 93 लाख का बजट स्वीकृत,

# राग-द्वेष भूल नगर का सर्वांगीण विकास करें सभासद: सांसद

- ओआरएस घोल पिलाएं, बच्चों को डायरिया से बचाएं: सीएमओ

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद के नवनिर्वाचित बोर्ड की पहली बैठक सोमवार को पालिका के सभागार में हुई। जिसमें वर्ष 2023-24 का बजट स्वीकृत हुआ। नगर पालिका परिषद बोर्ड की पहली बैठक में उपस्थित बलिया के भाजपा सांसद विरेंद्र सिंह मस्त ने नवनिर्वाचित चेयरमैन एवं सभासदों को बधाई देते हुए कहा कि आपके कंधों पर नगर के विकास की जिम्मेदारी नगर की जनता ने दिया है। अब आप सभी मिलकर बिना भेदभाव और किसाने हमें वोट दिया या





किसने नहीं दिया को भूल कर नगर का सर्वांगीण विकास करने का कार्य करें। केन्द्र से जुड़ी योजनाओं के तहत आप सभी जो भी प्रस्ताव बनाकर हमें देंगे उसके लिए धन दिलाने का कार्य करुगा। आप मुहम्मदाबाद को ऐसा विकसित नगर बनाने का कार्य करें, जो दूसरे के लिए उदाहरण बने। स्थानीय विधायक सुहैब उर्फ मन्नू अंसारी ने कहा कि हम सभी मिलकर नगर का विकास करेगें।

**ट्रामा सेंटर को चालू कराने के लिए सांसद से किया आग्रह :** उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक स्थलों को जाने वाले मार्गो का प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कराया जाए। साथ ही विधायक ने मुहम्मदाबाद के ट्रामा सेंटर को चालू कराने के लिए सांसद से आग्रह किया। कहा कि नगर विकास के लिए हमारे विधायक निधि से भी जो संभव है कार्य कराया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे चेयरमैन रईस अहमद अंसारी ने कहा कि यह मुहम्मदाबाद का सौभाग्य है कि केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और स्थानीय सरकार तीनों के प्रतिनिधि एक साथ बैठक कर रहे हैं। इसके लिए मैं सांसद और विधायक के प्रति आभारी हूं। आप सभी का सहयोग मिलता रहेगा, तो मुहम्मदाबाद को एक आदर्श नगर पालिका के रूप में विकसित किया जा सकेगा।

**शासन से प्राप्त शासकीय अनुदान 12.12 करोड़ :** बैठक में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी विरेन्द्र कुमार राव ने वर्ष 2023-24 का बजट प्रस्तुत किया। इसमें नगर पालिका की कर/ करेत्तर आय दो करोड़ 81 लाख तथा शासन से प्राप्त शासकीय अनुदान 12 करोड़ 12 लाख है। इस प्रकार कुल आय 14 करोड़ 93 लाख है। जबकि ब्यय मद में विकास कार्य में छह करोड़ 82 लाख तथा वेतन व पेंशन मद में आठ करोड़ 10 लाख ब्यय होगा। इस प्रकार वर्ष 2023-24 में एक लाख रुपये लाभ का बजट दशार्या गया है। ईओ प्रस्तुत बजट को बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। बैठक में सभासद वकार अहमद, कैफ अंसारी, सितारा देवी आदि मौजूद रहे। अन्त में लेखाकार डॉ. राजकुमार रावत ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।